प्रश्न-अभ्यास

पाठ से—

प्रश्न 1. सभी लोग घर की सफाई क्यों कर रहे थे?

उत्तर—क्योंकि घर में कुछ खास मेहमान आने वाले थे। इन मेहमानों की खासियत यह थी कि वे थे तो अपने रिश्तेदार पर इनका आगमन इंगलैंड से होने वाला था और घर के लोगों को ऐसा लग रहा था कि इंगलैंड से आ रहे इन मेहमानों को कहीं हमारे घर की गंदगी अच्छी न लगे और उनके सामने हमारी हँसाई न हो जाय - अत: सभी मिलकर घर का कोना-कोना साफ कर रहे थे।

प्रश्न 2. पद्मिनी और राहुल को पिंकी-विकी की कौन-सी बात खटकती थी?

उत्तर—पद्मिनी और राहुल को यह बात खटकती थी कि अपनी भाषा में न बोलकर, न जाने क्यों वे सदा अंगरेजी में ही बोलते हैं। यद्यपि वे यानी पिंकी-विकी इस बात को अच्छी तरह जानते थे कि राहुल और पद्मिनी अंगरेजी के साथ हिन्दी भी अच्छी तरह समझते और बोलते हैं। इन्होंने तो सोचा था कि भारत आकर इनकी हिन्दी का ज्ञान और निखर जायेगा।

प्रश्न 3. पद्मिनी की उत्सुकता का क्या कारण था?

उत्तर—पद्मिनी दादी के पास रस्सी से बुनी चारपाई पर बैठी थी। दादी ने उसको अपने से बिल्कुल सटा लिया था और उसके रेशमी बालों को प्यार से सहला रही थी। बाहर काली रात के साये में मेढ़कों का टर्राना सुनाई दे रहा था। आकाश में तारे छिटक रहे थे। पद्मिनी को लगा वह किसी बीते हुये अतीत में वापस आ गयी है। यह था डैड का देश और इस देश का जीवन और प्राचीन सभ्यता।

प्रश्न 4. किसने कहा, किससे कहा और क्यों कहा?

प्रश्नोत्तर—

(क) अच्छा किया जो इन्हें हिन्दी सिखाई।

राहुल और पद्मिनी के आगमन पर सभी नाते, रिश्तेदार, संबंधी उनसे मिलने आ गये। दिनभर लोगों का घर में आना-जाना लगा रहा। रिश्ते के भाई-बहन, चाचा-चाची, दादा-दादी, बुआ-फूफा के आने से घर भरा रहा। बच्चों को देखकर ये सभी अपनी-अपनी टिप्पणी देने लगे।

किसी और ने कहा- "अच्छा किया, इन्हें हिन्दी सिखाई। नहीं तो हमारी बात नहीं समझ पाते।"

(ख) "ओ हो! आई एम सो सॉरी।"

पद्मिनी और राहुल के संग घर के लोगों का दिन बीत गया- शाम हो गयी और आज फिर बिजली गुल हो गयी। इस स्थिति से निबटने के लिये पिंकी ने सफाई देते हुये कहा- "ओ हो! आई एम सो सॉरी! तुम सोचोगे कैसी कंट्री है इंडिया।"

(ग) "अपनी भाषा जानते हुये भी न जाने क्यों वे सदा अंगरेजी ही बोलते हैं।"

ये विचार हैं पद्मिनी के। वह सोचने लगी कि अपनी भाषा जानते हुये भी वे न जाने क्यों सदा अंगरेजी में बोलते हैं। उन्हें मालूम था राहुल और पद्मिनी दोनों भाषा (हिन्दी और अंगरेजी) भली-भाँति जानते हैं।

(घ) "अच्छा! यही है तुम्हारी बेटी?"

ये शब्द बुआ-फुआ ने पद्मिनी से पहली मुलाकात पर कहे।

(ङ) "लगता है बेटी माँ जैसी है। वही नीली आँखें और काले बाल, बड़ी सुन्दर निकली है।"

ये वाक्य भी घर में आये रिश्तेदारों में से ही किसी के हैं। डैड, ये शब्द सुनकर फूले न समाते थे। उन्हें अपने इन भतीजे और भतीजी पर गर्व हो रहा था।

पाठ से आगे—

प्रश्न 1. इस कहानी में किसकी भूमिका आपको सबसे अच्छी लगी और क्यों?

उत्तर—इस पूरी कथा में सबसे अच्छी भूमिका दादी की लगी। दादी ने विदेश से आये बच्चों को अपनी प्राचीन भारतीय संस्कृति का एहसास कराया जो पद्मिनी और राहुल के भारत आने का उद्देश्य था। दादी का मधुर प्यार भरा सामीप्य पाकर दोनों बच्चे अत्यन्त आह्लादित थे।

प्रश्न 2. क्या आपको लगता है कि यह कहानी अधूरी है? क्यों?

उत्तर—इस कहानी का अन्त अचानक होता है, ऐसा लगता है, खंडहर देखने जाने की बात पर कहानी का अन्त हो जाता है। खंडहर की यात्रा का विवरण आने से कहानी को एक परिपक्वता मिलती- कहानी के विकास को एक अन्तिम पड़ाव तक पहुँचाया जा सकता है जो कहानीकार ने नहीं किया। शायद वे पाठकों को आगे की घटना को जानने के लिये उनकी कल्पनाशीलता को उभारना चाहते थे।

प्रश्न 3. सोचिये, इस कहानी के अन्त में अगले दिन क्या हुआ होगा?

उत्तर—उसी कल्पनाशीलता की कड़ी को जोड़ते हुये यह समझा जा सकता है कि दोनों बच्चे अगले दिन खंडहर की यात्रा पर गये होंगे। वहाँ इन्होंने खंडहर के चित्र उतारे होंगे जिसे यादगार के रूप में इंग्लैण्ड ले जायेंगे। कुछ नये पक्षी राहुल ने देखे होंगे और उनकी बोली, उनके कार्यकलापों को आत्मसात किया होगा जिसे वे अपनी डायरी में नोट करेंगे ताकि इस पर वे गहरायी से अध्ययन कर सकें।

प्रश्न 4. अगर ऐसा हो कि आपके यहाँ कोई सम्बन्धी आये तो आप क्या-क्या करेंगे?

उत्तर—इस प्रश्न का उत्तर अलग-अलग परिवार और व्यक्ति का व्यक्तिगत मामला होगा और फिर इस बात पर भी निर्भर करेगा कि आने वाले मेहमान की श्रेणी क्या है?

अगर मेहमान या संबंधी अत्यन्त करीबी हैं तो वह घर के परिवार के सदस्यों की तरह सम्मान और आदर का अधिकारी होगा। औपचारिक संबंधी का स्वागत औपचारिक ढंग से किया जायेगा यथा स्वागत, बातचीत, नाश्ता-चाय आदि और फिर दरवाजे तक जाकर उनकी गर्मजोशी के साथ विदाई।

व्याकरण

प्रश्न 1. निम्न शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए।

अशुद्ध	शुद्ध
प्राचिन	....
विदेसी	....
खंढहर	....
भगनावसेस	....
मयूजियम	....

उत्तर—

शुद्ध शब्द	शुद्ध हिन्दी
प्राचीन	पुराना
विदेशी	देश के बाहर का
खंडहर	टूटा घर, टूटा महल, कंदरायें
भग्नावशेष	टूटे हुये स्थल
म्यूजियम	अजायबघर

प्रश्न 2. इन शब्दों के वचन बदलें—

एकवचन	बहुवचन
अतिथि	....
....	आँखें
गाड़ी	....
मेढ़क	....
....	कहानियाँ
....	सम्बन्धियों
खंडहर	....
....	दीवारों

उत्तर—

एकवचन	बहुवचन
अतिथि	अतिथियों
आँख	आँखें
गाड़ी	गाड़ियाँ
मेढ़क	मेढ़कों
कहानी	कहानियाँ
सम्बन्धी	सम्बन्धियों
खंडहर	खंडहरों
दीवार	दीवारों

प्रश्न 3. इन वाक्यों में सर्वनाम शब्द को रेखांकित कीजिए।

(क) "अच्छा, यही है तुम्हारी बेटी ?"

(ख) वह उसकी मदद करने लगा।

(ग) जो ढूँढ़े उसे मिले।

(घ) मैं अवश्य देखना चाहूँगी उन खण्डहरों को।

उत्तर—(क) अच्छा, **यही** है तुम्हारी बेटी ?

(ख) **वह** उसकी मदद करने लगा।

(ग) **जो** ढूँढ़े उसे मिले।

(घ) **मैं** अवश्य देखना चाहूँगी उन खण्डहरों को।

कुछ करने को—

प्रश्न 1. आपके यहाँ कई मौकों (अवसर) पर कौन-कौन से सम्बन्धी/रिश्तेदार आते हैं ? उनकी सूची बनाइए।

उत्तर—परिवार में आयोजित विवाह आदि के अवसरों पर सबसे अधिक मेहमान घर में आते हैं। इनमें सभी करीब के संबंधी, पारिवारिक मित्र, पास-पड़ोस के लोग, परिचित, बंधु-बांधव बुलाये जाते हैं।

संबंधियों में - नाना-नानी, मामा-मामी, बुआ-फुफा, दीदी-जीजाजी, भैया-भाभी, इनके बच्चे सभी आमंत्रित होते हैं।

प्रश्न 2. पद्मिनी और राहुल को दादी पास बुलाकर कहानी सुनाई। क्या आपको भी दादी/नानी कोई कहानी सुनाती है ? कहानी सुनते समय आप क्या महसूस करते हैं ? अपनी कक्षा में सुनाइए।

उत्तर—अलग-अलग छात्र अपने-अपने अनुभव के आधार पर इसका उत्तर तैयार करेंगे और अपने अनुभव कक्षा में सुनायेंगे।